प्रसार भारती
( भारत का लोक सेवा प्रसारक )
आकाशवाणी : रोहतक

क्र0.रो0 3(4)/2019–एस

दिनांकः–30.07.2019

विषयः– कार्य निष्पादन का विवरण।

महोद्य,

संलग्न फार्म में उल्लेखित कार्य के लिए कृप्या अपनी दरें भिजवायें।

1. दरें मुहरबन्द लिफाफे में अ़धोहस्ताक्षरी के पते पर डाक द्वारा भिजवाई जाएं अथवा कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में डाली जायें ताकि वे दिनांक 23.08.2019 दोपहर 12 बजे तक या पहले पहुंच जायें। लिफाफे पर कार्य का ब्यौरा, संदर्भ संख्या तथा निविदा खोलने की तारीख का उल्लेख होना चाहिये।
2. दरें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 23.08.2019 को 15.00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित होंगे, उनके सामने खोली जाएगी।
3. भेजी गई दरें एक वर्ष के लिये मान्य होगीं।
4. आही(लेवी)/शुल्क/डयूटी/कर/टैक्स इत्यादि यदि कोई सर्विस टैक्स तथा अन्य प्रकार लिया जाना अभिप्रित हो तो निवेदित मूल्य के साथ–साथ उसका विशेष रूप से उल्लेख किया जाए। यदि निवेदित दरों में शुल्क/उग्राही या कर का विशेष रूप से उल्लेख नहीं किया गया तो उसके संबंध में किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं होगा। जिन निविदाओं में उत्पाद शुल्क या बिकी इत्यादि नियमानुसार नहीं लिखा होगा उन्हें अस्वीकर किया जा सकता है।
5. सप्लाई दस्तावेज के साथ केन्द्र निदेशक/ केन्द्र अभियंता आकाशवाणी, रोहतक के नाम से अगले माह के प्रथम सप्ताह रसीद सहित बिल दो प्रतियों में भेजा जाए। इस कार्यालय द्वारा कार्य के संतोषजनक ढंग से पूर्ण हो जाने के पश्चात पूरा भुगतान Online कर दिया जायेगा। कोई भी आंशिक अथवा पूर्ण भुगतान करने की शर्त होगी तो स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. निविदा पत्र में यथानिर्दिष्ट यूनिट में ही मूल्य का उल्लेख किया जाए। जिन निविदाओं में इस जॉच पत्र में यूनिट के इलावा किसी और यूनिट का उल्लेख होगा, उन्हें अस्वीकार किया जा सकता है।
7. किसी भी समय बिना कारण बतायें निविदा को निरस्त/ रद्द करने का अधिकार इस कार्यालय के पास सुरक्षित होगा।

भवदीय

संलग्नः यथोपरि।

30.7.19
(डा. एस.एस. रंगा)
कार्यालय अध्यक्ष

प्रसार भारती
( भारत का लोक सेवा प्रसारक )
आकाशवाणी : रोहतक

| | |
|---|---|
| कार्य के निष्पादन हेतु दरें<br>कार्य का विवरण | कोटेशन खोलने की तारीखः–23.08.2019 सायः 3 बजे<br>कार्यालय में कोटेशन प्राप्ति की अन्तिम तारीख<br>23.08.2019 दोपहर 12 बजे तक |

लिपिकीय कार्य(हिन्दी व अंग्रेजी टाईपिस्ट)

1. शैक्षणिक योग्यता 10+2 / ग्रेजुऐट / MS Office की जानकारी
2. कम्प्यूटर पर हिन्दी में 25 शब्द एवं अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट की गति

नियम व शर्तेः–

1. सभी निविदाकारों को सिक्योरिटी के तौर पर रू0 15000 / – (शब्दों में रू0 पन्द्रह हजार केवल) का डिमांड ड्राफ्ट देना होगा। सफल निविदाकार की निविदा स्वीकार होने के बाद असफल निविदाकारों की बिड़ सिक्योरिटी वापिस कर दी जाएगी। सफल निविदाकार बिड़ सिक्योरिटी को सिक्योरिटी Deposit में समायोजित करने के लिए अनुरोध कर सकता है। कार्यालय का समय प्रातः 9.30 बजे से शाम 6.00 बजे तक है (शनिवार व रविवार) को अवकाश रहेगा।
2. कार्य में लगे व्यक्तियों की सुरक्षा /क्षतिपूर्ति / जोखिम व अन्य जिम्मेदारियां निविदादाता की होगी। कार्यालय की इसमें कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
3. फर्म को संबंधित विभाग द्वारा प्रदत्त रजिस्ट्रेशन की सत्यापित प्रति कोटेशन के साथ संलग्न करनी होगी, जिनमें निविदादाता का पैन. नं., ई.एस.आई.न., पी.एफ.नं., जी.एस.टी.नं. एवं Contractor Licence की प्रतियां निविदाओं के साथ दस्तावेज के रूप में साथ संलग्न करें। आडिट की हुई Balance sheet तथा आयकर रिटर्न की प्रति भी संलग्न करना अनिवार्य है।
4. यदि इनका कार्य संतोषजनक नहीं होगा तो केन्द्र निदेशक / कार्यालय प्रमुख को बिना किसी कारण बताए इनको रद्द / हटाने का अधिकार होगा।
5. निविदा वैद्यता की अवधि 1 वर्ष होगी। इस अवधि को घटाने या बढाने का अधिकार कार्यालय अध्यक्ष का होगा।
6. सभी निविदादाताओं को सुझाव दिये जाते हैं कि वे निविदा भेजने से पूर्व कार्य के विवरण वाले कालम में दर्शाये गये विवरण का अवलोकन करने के पश्चात् ही दर भेजें।
7. इनका भुगतान हरियाणा सरकार द्वारा या श्रम मन्त्रालय द्वारा (Chief Labour commissioner (Central) Ministry of Labour & Employment , New Delhi vide letter No.1/8(3)/2019-LS-II dt. 23.03.2019) निर्धारित न्यूनतम दरों में जो भी अधिक होगी, से एजेंसी को किया जाएगा तथा एजेंसी कैजुअल कर्मचारी को चैक द्वारा अथवा उनके बैंक खाते में NEFT/RTGS से भुगतान करेगी तथा एजेंसी को अगले बिल के साथ पिछले माह की रसीदें भी प्रस्तुत करनी होगी। किसी भी Casual की उम्र 60 साल से ज्यादा नहीं होगी।

30.7.19

8. यदि ठेकेदार माह के बीच में काम छोड़कर जाता है तो शेष अवधि के कार्य को करने पर आने वाले खर्च की व्यवस्था ठेकेदार की राशि से की जाएगी।
9. इस कार्य के लिए लगाए गए व्यक्ति में से कोई भी किसी प्रकार की स्थाई नौकरी का दावा नहीं करेगा।
10. सफल ठेकेदार को सिक्योरिटी Deposit के बराबर की राशि DDO, AIR, Rohtak के पक्ष में एक वर्ष के लिए जमा करनी होगी।
11. नियम एवं शर्तों के फार्म फर्म की मोहर व हस्ताक्षर कर निविदा के साथ भेजें।
12. निविदाकारों को पिछले पांच वर्ष में सरकारी अथवा अर्ध सरकारी संगठनों में कार्य करने का अनुभव प्रमाण –पत्र संलग्न करना होगा।
13. सफल निविदाकार को सरकार द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करना होगा।
14. समय से भुगतान करना फर्म की जिम्मेदारी होगी।
15. डाटा इन्ट्री आप्रेटर की संख्या बिना Notice के घटाई या बढाई जा सकती है।
16. कार्यालय में तीन डाटा इन्ट्री आप्रेटर की आवश्यकता है।

(डा. एस.एस रंगा) 30.7.19
कार्यालय अध्यक्ष

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
आकाशवाणी : रोहतक

---

कार्य के निष्पांदन हेतु दरें

| | |
|---|---|
| कार्य का विवरण | कोटेशन खोलने का तारीखः–23.08.2019 सायंः 3 बजे<br>कार्यालय में कोटेशन प्राप्ति की अन्तिम तारीख<br>23.08.2019 दोपहर 12 बजे तक |

---

क. बहुउद्देशीय कार्यः (एम. टी. एस.)

ख. शैक्षणिक योग्यताः आठवी/पढने लिखने का ज्ञान

ग. कार्यालय एवं परिसर तथा ट्रांसमीटर पर साफ–सफाई व बागवानी का कार्य, फाईलों का एक अधिकारी से दूसरे अधिकारी के पास पहुंचाने, गर्मी के मौसम में कुलरों में पानी भरने व अधिकारियों/कर्मचारियों/आगन्तुकों को पानी पिलाने आदि।

नियम व शर्तेः–

1. सफाई प्रतिदिन होनी आवश्यक है।
2. सफाईकर्ता को प्रातः 8:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक कार्य स्थल पर रहना होगा।
3. सफाई के कार्य हेतु सामान कार्यालय द्वारा दिया जाएगा।
4. सफाई के कार्य में लगे कर्मचारियों की सुरक्षा/ क्षतिपूर्ति/जोखिम व अन्य जिम्मेदारियां निविदादाता की होगी, कार्यालय की इसमें कोई भी किसी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं होगी।
5. फर्म से संबंधित विभाग द्वारा प्रदत्त रजिस्ट्रेशन की सत्यापित प्रति कोटेशन के साथ संलग्न करनी होगी, जिनमें निविदादाता का पैन न. ई.एस.आई., पी.एफ. न. एवं जी.एस. टी. न. की प्रतियां निविदाओं के साथ दस्तावेज के रूप में साथ संलग्न करें। आडिट की हुई Balance sheet तथा आयकर रिटर्न की प्रति भी संलग्न करना अनिवार्य है।
6. यदि सफाई का कार्य संतोषजनक नहीं होगा तो केन्द्र निदेशक/कार्यालय प्रमुख को बिना किसी कारण बताए इनको हटाने/रद्द करने का अधिकार होगा।
7. निविदा वैद्यता की अवधि एक वर्ष होगी। इस अवधि को घटाने या बढाने का अधिकार केन्द्र प्रमुख का होगा।
8. सभी निविदादाताओं को सुझाव दिए जाते हैं कि वे निविदा भेजने से पूर्व कार्य के विवरण वाले कालम में दर्शाये गए विवरण का अवलोकन करने के बाद ही दरें भेजें।
9. इनका भुगतान हरियाणा सरकार द्वारा या श्रम मन्त्रालय द्वारा (Chief Labour commissioner (Central) Ministry of labour & employment , New Delhi vide letter No.1/8(3)/2019-LS-II dt. 23.03.2019) निर्धारित न्यूनतम दरों में जो भी अधिक होगी, से एजैंसी को किया जाएगा तथा एजैंसी कैजुअल कर्मचारी को चैक द्वारा अथवा उनके बैंक खाते में NEFT/RTGS से भुगतान करेगी तथा एजेंसी को अगले बिल के साथ पिछले माह की रसीदें भी प्रस्तुत करनी होगी। किसी भी Casual की उम्र 60 साल से ज्यादा नहीं होगी।

30.7.19

10. यदि ठेकेदार माह के बीच में काम छोड़कर जाता है तो शेष अवधि के कार्य को करने पर आने वाले खर्च की व्यवस्था ठेकेदार की राशि से की जाएगी।
11. इस कार्य के लिए लगाए गए व्यक्ति में से कोई भी किसी प्रकार की स्थाई नौकरी का दावा नहीं करेगा।
12. सफल ठेकेदार को सिक्योरिटी Deposit के बराबर की राशि DDO, AIR, Rohtak के पक्ष में एक वर्ष के लिए जमा करनी होगी।
13. नियम एवं शर्तों के फार्म फर्म की मोहर व हस्ताक्षर कर निविदा के साथ भेजें।
14. निविदाकारों को पिछले पांच वर्ष में सरकारी अथवा अर्ध सरकारी संगठनों में कार्य करने का अनुभव प्रमाण –पत्र संलग्न करना होगा।
15. सफल निविदाकार को सरकार द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करना होगा।
16. समय से भुगतान करना फर्म की जिम्मेदारी होगी।
17. कार्यालय में 5 MTS ( Casual ) की आवश्यकता है। यह संख्या बिना Notice के घटाई या बढाई जा सकती है।

(डा. एस.एस. रंगा)
कार्यालय अध्यक्ष